an>

Title: Need to provide funds for rejuvenation of lakes and Ayad river in Udaipur, Rajasthan.

श्री अर्जुन लाल मीणा (उदयपुर): मेरा लोक सभा क्षेत्र उदयपुर (राजस्थान) पर्यटन एवं ऐतिहासिक धरोहर के रूप में विश्व के मानचित्र पर अति महत्वपूर्ण स्थान रखता है। उदयपुर शहर अरावली पर्वत मालाओं के मध्य स्थित चारों तरफ पानी की झीलों के मध्य बसा हुआ है। लगभग 5 लाख की आबादी वाला यह शहर, राजाओं के पुराने महल, बावड़ियाँ आदि स्थित हैं।

शहर के एक तरफ पिछोला झील, फतल सागर झील एवं पूर्वी भाग में उदय सागर झील बनी हुई है। फतह सागर से निकलने वाला पानी आयड़ नदी, जो हड़प्पा के काल से निकली हुई नदी है, उक्त नदी का पानी उदय सागर झील में जाता है तथा शहर का सीवरेज का पानी भी इसी नदी में जाता है जिससे पर्यावरण एवं जल प्रदूषित हो रहा है।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि झील संरक्षण एवं आयड़ नदी के विकास के लिए धनराशि उपलब्ध करायी जाए।